पत्र सं0–12/निजी–70141/2023 सा0प्र0....10105..../

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक–....8....6../2026

विषयः– **श्री जयंत जायसवाल, बि0प्र0से0, को0क्र0–625/26, आप्त सचिव (सरकारी), उप नेता, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान परिषद, पटना के प्रभार रहित अवधि के विनियमन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि श्री जयन्त जायसवाल, बि0प्र0से0 द्वारा मंत्रिपरिषद के विघटन के उपरान्त पूर्व पद–आप्त सचिव (सरकारी), प्रो0 (डॉ0) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय उप नेता (सत्तारूढ़ दल), बिहार विधान परिषद का प्रभार दिनांक–15.04.2026 को स्वतः त्याग करते हुए दिनांक–15.04.2026 पूर्वाह्न में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान दिया गया।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आदेश सं0–7558, दिनांक–29.04.2026 के द्वारा श्री जायसवाल को जिला स्तर पर निर्धारित सहयोग शिविर के प्रभावी संचालन हेतु पूर्वी चम्पारण जिले में प्रतिनियुक्त किया गया। तत्पश्चात विभागीय अधिसूचना सं0–9652, दिनांक–01.06.2026 द्वारा श्री जयन्त जायसवाल, बि0प्र0से0 (को0क्र0–625/26) की सेवा प्रो0 (डॉ0) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय उप नेता (सत्तारूढ़ दल), बिहार विधान परिषद के आप्त सचिव (सरकारी) के पद पर नियुक्ति हेतु संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सौंपी गयी।

3. इस प्रकार श्री जायसवाल, बि0प्र0से0, दिनांक–15.04.2026 से दिनांक–01.06.2026 तक बिना प्रभार के रहे।

4. अतः श्री जयन्त जायसवाल, बि0प्र0से0, को0क्र0–625/26, सम्प्रति आप्त सचिव (सरकारी), माननीय उप नेता (सत्तारूढ़ दल), बिहार विधान परिषद के दिनांक–15.04.2026 से दिनांक–01.06.2026 तक की प्रभार रहित अवधि को मौलिक नियमावली के नियम–9 (6)(बी)(iv), जो बिहार सेवा संहिता के नियम–14(बी) के सदृश है, के तहत पदस्थापन हेतु अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि के रूप में विनियमित किया जा सकता है।

5. उक्त अवधि में श्री जायसवाल, बि0प्र0से0 को कोटि वेतन देय होगा।

6. विनियमन के निर्णय में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

08/06.2026

(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

D:\Amritesh\Seva Viniyaman\Service Regularisation - Letter.docx

ज्ञापांक–12/निजी–70141/2023 सा0प्र0–10104 /पटना, दिनांक– 8.6./2026

प्रतिलिपिः–सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना/श्री जयंत जायसवाल, बि0प्र0से0, को0क्र0–625/26, आप्त सचिव (सरकारी), उप नेता, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान परिषद, पटना/आई0 टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08.06.2026

सरकार के उप सचिव।

D:\Amritesh\Seva Viniyaman\Service Regularisation - Letter.docx